# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 11 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा दिनांक 12 मार्च, 2022 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमेन तथा वाईस चेयरमेन की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किये जाने वाले आगामी कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश प्रदान करेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा दिनांक 12 मार्च, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर अजमेर, भरतपुर तथा जयपुर सम्भाग के नगर निकायों में कांग्रेस पार्टी से जीते हुए चेयरमेन तथा वाईस चेयरमेन की बैठक लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक पहुँचे तथा केन्द्र सरकार की विफलताओं को प्रदेश की जनता के समक्ष ऊजागर करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नगर निकायों में जीते हुए कांग्रेस जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा जनता के हित में बनाई गई जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ अधिकाधिक लोगों को मिले इसे हेतु मंथन किया जायेगा तथा निकाय स्तर पर आमजन हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की जायेगी।


**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197


Created by Universal Document Converter